# छत्तीसगढ़ शासन
# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
# राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
# (COVID19)

website: www.cghealth.nic.in | Corona Helpline - 104 | Email: idspssucg@rediffmail.com

## दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 09 अगस्त 2020 (शाम 9:00 बजे तक)

| Today Positive | Total Positive | Total Active | Today Discharge | Total Discharge | Today Deaths | Total Deaths |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 285 | 12148 | 3243 | 227 | 8809 | 06 | 96 |

- विश्व में अब तक कुल 19187943 व्यक्ति संक्रमित हैं और अभी तक कुल 716075 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। भारत में वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण से 35 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश प्रभावित हैं, जिनमें कुल 2153010 प्रकरणों की पुष्टि हो चुकी है और कुल 43379 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है।
- छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक कोरोना वायरस के परीक्षण हेतु **कुल 371706 (RTPCR - 292582 + TrueNat - 28900 + Rapid Antigen Kit - 50224) सैम्पल जांच** किया गया है, जिसमें **12148 धनात्मक मरीजों** की पहचान की गई, जिनमें अब तक **कुल 8809 मरीज स्वस्थ्य होने के उपरांत डिस्चार्ज किए गए** तथा **3243 मरीज सक्रिय हैं।**
- **आज कुल नए 285 कोरोना पॉजीटिव मरीजों की पहचान की गई है। जिला रायपुर से 101, दुर्ग से 37, बिलासपुर से 30, कांकेर से 24, बलौदाबाजार से 18, बलरामपुर से 11, रायगढ़ व बस्तर से 09–09, सरगुजा से 07, राजनांदगांव व कोरबा से 06–06, कोण्डागांव से 05, जांजगीर–चांपा, मुंगेली व सुकमा से 03–03, बालोद, गरियाबंद, कोरिया, जशपुर व बीजापुर से 02–02, बेमेतरा, दंतेवाड़ा व अन्य राज्य से 01–01 । आज पाए गए पॉजीटिव मरीजों की अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती प्रक्रिया जारी है।**
- **विगत रात्रि नए कुल 08 (जिला रायपुर) कोरोना पॉजीटिव मरीजों की पहचान की गई थी।**
- **गुरूनानक चौक, रायपुर निवासिनी 47 वर्षीय महिला को बुखार ब्रेथलेसनेस, कमजोरी की वजह से दिनांक 06.08.2020 को निजी अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया था, दोनों फेफड़ों में न्यूमोनिया तथा डायबीटिज़ से पीड़ित महिला को समुचित चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराये जाने के बावजूद दिनांक 07.08.2020 की शाम में इनकी मृत्यु हो गई, कालांतर में इन्हें कोविड पॉजीटिव भी पाया गया।**

- सेक्टर–4, भिलाई नगर, दुर्ग निवासी 68 वर्षीय पुरूष को निजी हॉस्पिटल दुर्ग से रेफर किया गया था, जो कि एक्यूट मायोकार्डियल इनफार्कशन, कोरोनरी एन्जियोप्लास्टी, उच्च रक्तचाप डायबीटिज तथा कोविड न्यूमोनिया से पीड़ित हो मेडिकल कॉलेज रायपुर में दिनांक 31.07.2020 को भर्ती कराये गये थे, जिनकी समुचित उपचार तथा देखभाल के बावजूद दिनांक 09.08.2020 को मृत्यु हो गई।
- छोटा बाजार, चिरमिरी कोरिया निवासिनी 46 वर्षीय महिला जिनका ऑपरेशन कोलिसिसटेक्टामी अन्य अस्पताल में हुआ था, पोस्ट ऑपरेटिव कॉम्पलिकेशन बिलियरी पेरीटोनाईटिस जैसी गंभीर दशा में दिनांक 04.08.2020 को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में इन्हें भर्ती कराया गया था, समुचित उपचार तथा चिकित्सकीय निगरानी में कोविड हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में इन्हें रखा गया था, दिनांक 06. 08.2020 को इनका निधन हो गया, कालांतर में इन्हें कोविड पॉजीटिव पाया गया था।
- जे.एस.पी.एल., रायगढ़ जिले के 42 वर्षीय पुरूष कोविड पॉजीटिव तथा एक्यूट रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस में होने की दशा में इन्हें दिनांक 27.07.2020 को डेडिकेटेडे कोविड–19 अस्पताल एम.सी.एच.– रायगढ़ में भर्ती किया गया था, HDU वार्ड में भर्ती मरीज को पूर्णतः चिकित्सकीय निगरानी में रख समुचित उपचार दिया जा रहा था, इसके बावजूद इनकी मृत्यु दिनांक 09.08.2020 को संध्याकाल में हो गई।
- मंगला बिलासपुर निवासिनी 60 वर्षीय महिला जो कि उच्च रक्तचाप डायबीटिज से पीड़ित हो कार्डियक फेल्योर, कोविड पॉजीटिव होने की दशा में जिला अस्पताल बिलासपुर में उपचार हेतु दिनांक 01.08.2020 को भर्ती थीं, अधिक गंभीर होने की वजह से सिम्स बिलासपुर रिफर की गई थीं, दिनांक 09.08.2020 प्रातः 11:00 बजे चिकित्सकों ने परीक्षण कर महिला मरीज के मृत होने की जानकारी दी।
- सारखों, जांजगीर–चांपा निवासिनी 70 वर्षीय महिला को ब्रेथलेसनेस, बुखार तथा कोविड पॉजीटिव होने की जानकारी के साथ दिनांक 08.08.2020 को 04:40 AM में एम्स, रायपुर HDU Unit में गंभीर दशा में भर्ती किया गया था, सतत् गहन निगरानी तथा समुचित उपचार के बावजूद दिनांक 08.08.2020 को 04:55 PM पर मरीज की मृत्यु हो गई।

सुरक्षा के लिए उपयुक्त व्यवहारों #Mask #Handwash #PhysicalDistancing का पालन करें, जागरूक रहें, जागरूक करें।

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 09-08-2020

| क्र. | जिला | TODAY POSITIVE | TOTAL POSITIVE CASES | TODAY DISCHARGE | TOTAL DISCHARGE | TOTAL ACTIVE CASES | DEATH | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | COVID Death | Associated Co-Morbidity |
| 1 | दुर्ग | 37 | 1084 | 60 | 750 | 323 | 4 | 7 |
| 2 | राजनांदगांव | 6 | 902 | 1 | 705 | 192 | 2 | 3 |
| 3 | बालोद | 2 | 109 | | 93 | 16 | | |
| 4 | बेमेतरा | 1 | 139 | | 127 | 12 | | |
| 5 | कबीरधाम | | 230 | | 185 | 45 | | |
| 6 | रायपुर | 101 | 4088 | 126 | 2616 | 1427 | 11 | 34 |
| 7 | धमतरी | | 60 | | 38 | 21 | | 1 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 18 | 481 | 1 | 385 | 93 | 2 | 1 |
| 9 | महासमुंद | | 201 | 1 | 117 | 81 | | 3 |
| 10. | गरियाबंद | 2 | 119 | | 90 | 28 | | 1 |
| 11. | बिलासपुर | 30 | 873 | 16 | 644 | 222 | | 7 |
| 12. | रायगढ़ | 9 | 331 | | 208 | 118 | 1 | 4 |
| 13. | कोरबा | 6 | 438 | 1 | 389 | 49 | | |
| 14. | जांजगीर-चांपा | 3 | 527 | | 464 | 59 | 1 | 3 |
| 15. | मुंगेली | 3 | 182 | 2 | 170 | 12 | | |
| 16. | गौरेला पेंड्रा मरवाही | | 33 | | 31 | 2 | | |
| 17. | सरगुजा | 7 | 257 | 1 | 225 | 30 | 1 | 1 |
| 18. | कोरिया | 2 | 146 | 2 | 117 | 27 | | 2 |
| 19. | सूरजपुर | | 91 | 2 | 63 | 27 | 1 | |
| 20. | बलरामपुर | 11 | 246 | 7 | 199 | 47 | | |
| 21. | जशपुर | 2 | 269 | 2 | 224 | 45 | | |
| 22. | बस्तर | 9 | 317 | 4 | 185 | 130 | 1 | 1 |
| 23. | कोंडागांव | 5 | 153 | | 87 | 66 | | |
| 24. | दंतेवाडा | 1 | 140 | | 131 | 9 | | |
| 25. | सुकमा | 3 | 105 | | 76 | 29 | | |
| 26. | कांकेर | 24 | 311 | 1 | 232 | 79 | | |
| 27. | नारायणपुर | | 202 | | 171 | 31 | | |
| 28. | बीजापुर | 2 | 96 | | 81 | 15 | | |
| 0 | अन्य | 1 | 18 | | 6 | 8 | | 4 |
| **महायोग** | | **285** | **12148** | **227** | **8809** | **3243** | **24** | **72** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
**(COVID19)**